# पूर्व बीएसएफ जवान ने ससुर-दामाद को गोलियों से भूना

## सरकारी भूमि पर रेत डंप करने को लेकर चल रही थी रंजिश



● ग्वालियर / राज न्यूज नेटवर्क

महाराजपुरा थाना क्षेत्र स्थित पटरी रोड बुधवार सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग से दहल उठा। सरकारी जमीन पर रेत डंप करने के विवाद में बीएसएफ के एक रिटायर्ड जवान और उसके साथियों ने ससुर-दामाद पर 15 से 20 राउंड गोलियां बरसा दीं। हमले में महेंद्र उर्फ भोला गुर्जर की मौत हो गई, जबकि सत्यभान गुर्जर गंभीर हालत में वेंटिलेटर पर भर्ती है।

एडिशनल एसपी सुमन गुर्जर के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच सरकारी जमीन पर रेत डंप करने को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे इसी मुद्दे पर बहस और गाली-गलौज हुई, जिसके बाद हमला कर दिया गया। बताया गया है कि बाइक सवार बदमाशों ने पटरी रोड पर महेंद्र और सत्यभान को घेर लिया। मुख्य आरोपी विष्णु दुबे और उसके साथियों ने कट्टों व पिस्तौल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और आरोपी हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। गुर्जर समाज और परिजनों में आक्रोश को देखते हुए कई थानों का बल तैनात किया गया है। पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर चार टीमें आरोपियों की तलाश में रवाना की हैं।

## पेज 1 का शेष

### 29 मई से 5 जून तक प्री...

उत्तर प्रदेश का बांदा लगातार नौवें दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के उरई, झांसी, प्रयागराज, आगरा और हमीरपुर में भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47 डिग्री तापमान के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बीकानेर और फलोदी में 46 डिग्री, जबकि जैसलमेर और कोटा में पारा 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। जयपुर में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री रहा। महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी में 46.6 डिग्री, चंद्रपुर में 46.4 डिग्री और नागपुर में 45.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। हरियाणा के सिरसा में 46 डिग्री और पंजाब के बठिंडा में 45.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। दिल्ली में भी अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 43.5 डिग्री दर्ज किया गया।मध्य प्रदेश में नौतपा के शुरुआती दो दिन आंधी और बारिश के साथ बीते। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। खजुराहो समेत 16 शहरों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

### सहायक प्राध्यापक 50 हजार...

आरोपी का दावा था कि उसने उर्मिला की पोस्टिंग मंदसौर जिले के दलौदा से शासकीय महाविद्यालय धार में करवाई है, जो उनके निवास के नजदीक है। उर्मिला वास्केल का चयन पीएससी के माध्यम से सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पहले ही एक लाख रुपए ले चुका था और शेष राशि की मांग कर रहा था। शिकायत के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया। तय समझौते के तहत 50 हजार रुपए देने के लिए फरियादी को धामनोद स्थित मधुबन ढाबे पर बुलाया गया। यहां पहले से मौजूद लोकायुक्त टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कच्छ से 1180 करोड़ की ...

सुबह भारतीय समुद्री सीमा में एक कंटेनर जहाज को पकड़ा गया। जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात तट तक पहुंचा था। जांच में सामने आया कि जहाज में सवार आरोपी दिल्ली के द्वारका इलाके में ड्रग्स की सप्लाई करने वाले थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा) के रूप में हुई है। एक अन्य आरोपी जुम्मा नासिर उमर, जो नाइजीरिया का निवासी है, को भी गिरफ्तार किया गया है। चौथा आरोपी समुद्र में छलांग लगाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। एटीएस के मुताबिक जहाज मुंद्रा तट से करीब 5 नॉटिकल मील दूर लंगर डाले खड़ा था। कोस्ट गार्ड कई घंटों से उस पर नजर रखे हुए थी। इसी दौरान अधिकारियों ने जहाज से संदिग्ध बैग समुद्र में फेंके जाते देखे। इसके बाद संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए जहाज को घेर लिया और कब्जे में ले लिया। जब्त जहाज को कच्छ पोर्ट लाया गया है। एजेंसियां आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी हैं कि देश में ड्रग्स की सप्लाई कहां और किन लोगों तक होनी थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अप्रैल 2025 में पोरबंदर तट से 1800 करोड़ रुपए कीमत की 300 किलो ड्रग्स जब्त की गई थी। गुजरात एटीएस और कोस्ट गार्ड ने संयुक्त अभियान में समुद्र से यह खेप पकड़ी थी।

### केरलम के पूर्व सीएम के ...

ईडी ने तिरुवनंतपुरम, कन्नूर, कोझिकोड और अलुवा समेत चार शहरों में कुल 10 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें विजयन का पुश्तैनी घर, दामाद और माकपा विधायक पी.ए. मोहम्मद रियास का आवास, सीएमआरएल कंपनी का कॉर्पोरेट ऑफिस और कंपनी के एमडी शशिधरन कार्था का घर शामिल है।यह कार्रवाई विजयन की बेटी टी. वीणा की कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई। ईडी के मुताबिक, कोचिन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) ने वर्ष 2018-19 में एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को बिना किसी सेवा के बदले 1.72 करोड़ रुपए का भुगतान किया था। इसी लेन-देन को संदिग्ध मानते हुए एजेंसी जांच कर रही है। एक दिन पहले केरल हाईकोर्ट ने सीएमआरएल की वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें ईडी की जांच रद्द करने की मांग की गई थी। एजेंसी ने इस मामले में 2024 में पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया था। छापेमारी पर पिनाराई विजयन ने कहा कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाना भाजपा सरकार की पुरानी रणनीति रही है। उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि इस कार्रवाई से कुछ लोगों को संतुष्टि मिली होगी।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/06/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

**पंधुरना एम पी**, 013768070003800, मंदसौर, नई आबादी मंदसौर, 013171070011828, 1831, 2716, 0131710730020528, 0951, 1181, स्टेशन रोड मंदसौर, 013172070011244, 1297, 0131720730044722, 4872, 6100, 7238, नीमच, मानसा, 013827070003926, 3982, 4998, 0138270730010126, नीमच, 0138110700004512, टागोर मार्ग नीमच, 0133340700020055, 1956, 0133340730041186, 1187, 1188, 1241, 2101, 2102, 2103, 2104, 2142, 2609, 3600, रतलाम, गायत्री टॉकिज रोड रतलाम, 0127740700019754, 9773, 0821, 0917, 0127740730020649, न्यू रोड रतलाम, 0129740700018055, 9284, 0129740730023051, स्टेशन रोड जलरा, 0131060700015403, 0131060730017838,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

छत्तीसगढ़ सहित देश के अनेक हिस्सों में आग उगल रहा सूरज

# अपने स्वास्थ्य के साथ और लोगों का भी ध्यान रखें: साय

## मुख्यमंत्री ने लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के चलते की अपील

● रायपुर / राज न्यूज नेटवर्क




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सहित देश के अनेक हिस्सों में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रदेशवासियों से सतर्कता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ इस चुनौतीपूर्ण समय का सामना करने की अपील की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि अत्यधिक गर्मी के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से पर्याप्त पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने तथा अनावश्यक रूप से तेज धूप में जाने से बचने का आग्रह करते हुए कहा कि छोटी-सी सावधानी स्वयं और परिवार को सुरक्षित रखने में बड़ी भूमिका निभा सकती है।

### राहगीरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था अवश्य की जाए

उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो घर, दुकान, कार्यालय अथवा सार्वजनिक स्थानों के आसपास राहगीरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था अवश्य की जाए, क्योंकि संवेदना का यह छोटा प्रयास किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए राहत और संबल बन सकता है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, श्रमिक साथियों तथा खुले में कार्य करने वाले लोगों का ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति की तबीयत अचानक बिगड़ती दिखाई दे, तो उसे तुरंत छायादार या ठंडी जगह पर ले जाकर पानी, ओआरएस अथवा अन्य तरल पदार्थ उपलब्ध कराए जाएं तथा आवश्यकता पडऩे पर चिकित्सकीय सहायता भी सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री साय ने पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशील होने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि घर, आंगन, छत, दुकान अथवा आसपास पानी का एक छोटा पात्र रखने जैसी छोटी पहल इस भीषण गर्मी में किसी जीव के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह समय सेवा, संवेदना, सजगता और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूत करने का है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि सभी एक-दूसरे का संबल बनें और मानवता के इस दायित्व को मिलकर निभाएं।

### जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें : ओपी चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी प्रदेशवासियों से भीषण गर्मी के दौरान विशेष सावधानी बरतने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के कई हिस्सों में तेज गर्मी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में सभी नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी है। लोग अधिक से अधिक पानी पीएं, धूप में निकलने से बचें और जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखें। वित्त मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

# लापता महिला का कंकाल गुफा में कंबल में लिपटा मिला, पति भी लापता



● सीधी / राज न्यूज नेटवर्क

कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुन्दौर गांव के समीप माटी डोंगर पहाड़ स्थित दुर्गम गुफा में कंबल में लिपटा एक लापता महिला का कंकाल मिला है। वह बीते एक पखवाड़े से लापता थी।

जांच के दौरान कंकाल की पहचान गुड़िया बैगा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जिस गुफा में लापता महिला का कंकाल मिला है वो सीधी जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर घने जंगल और पहाड़ियों के बीच स्थित है। दोपहर के समय ग्रामीणों ने गुफा के भीतर कंबल में लिपटा शव देखा, तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पोड़ी चौकी और कुसमी थाना पुलिस ने जब कंबल हटाया तो महिला का कंकाल मिला। शव पूरी तरह से सड़-गलकर कंकाल में तब्दील हो चुका है। गुफा घने जंगल में है और रास्ता दुर्गम होने के कारण घटनास्थल तक पुलिस वाहन नहीं पहुंच पाया, जिसके कारण कंबल में लिपटे कंकाल को कंधे पर लाटकर जंगल से बाहर लाना पड़ा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कंकाल की पहचान करते हुए बताया कि कंकाल 15 दिन से लापता करीब 30 वर्षीय गुडिया बाई का है। उधर, पुलिस को पता चला है कि गुडिया बाई का पति बुद्धसेन बैगा भी पिछले दो दिनों से गांव से लापता है। पत्नी के गायब होने के बाद भी पति बुद्धसेन ने न तो पत्नी की तलाश की और न ही किसी को इसकी सूचना दी, जिससे मामले में संदेह गहरा गया है और पति पर हत्या का शक जताया जा रहा है।

### सिलेंडर से भड़की आग, दो मासूम समेत चार झुलसे

**रीवा।** शहर के पैपखरा क्षेत्र में मंगलवार देर रात गैस सिलिंडर से लगी भीषण आग देखते ही देखते पूरा मकान आग की लपटों में घिर गया और घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना में एक महिला, एक पुरुष और दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए जिनका उपचार जारी है।पैपखरा निवासी यशोदानंद शुक्ला के घर के आंगन में चूल्हे पर खाना बन रहा था।

## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल- 462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**बी. डिजाईन (B. Design) (पूर्णकालिक 4 वर्ष), बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टैक्नोलॉजी (BHMCT) (पूर्णकालिक 4 वर्ष), एकीकृत एम.बी.ए. (IIMBA) (पूर्णकालिक 5 वर्ष) एवं एकीकृत एम.सी.ए. (IIMCA) (पूर्णकालिक 5 वर्ष) एवं फार्म-डी (Pharm-D) (पूर्णकालिक 6 वर्ष) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश तथा बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (B. Arch.) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश (मध्यप्रदेश में स्थित संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 29.05.2026 से 20.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 21.06.2026 से 22.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 01.06.2026 से 24.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 25.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 30.06.2026 से 07.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 08.07.2026 से 19.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 20.07.2026 से 21.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 09.07.2026 से 23.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 24.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 29.07.2026 से 03.08.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2026 से 05.08.2026 | 06.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- बी. आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम में प्रवेश, COA द्वारा आयोजित NATA-2026/National Testing Agency (NTA) द्वारा आयोजित JeeMain-2026 (Paper-2) परीक्षा के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत तथा अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांकों के 50 प्रतिशत को जोड़कर तैयार की गई मेरिट के आधार पर प्रवेश किये जायेंगे।
- प्रवेश परीक्षा नाटा (NATA) उत्तीर्ण (Qualified) अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर National Testing Agency (NTA) द्वारा आयोजित Jee-Main–2026 पेपर-2 (Aptitude Test in Architecture) के (Qualified) अभ्यर्थियों को मान्य किया जायेगा।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तद्उपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

  **प्रवेश निरस्त**
  - काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आंवटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

म.प्र. माध्यम/126071/2026

## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी/इंजीनियरिंग (B.Tech./B.E.) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश (शासकीय मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी/अनुदान प्राप्त अशासकीय/स्वशासी एवं स्ववित्तीय (विश्वविद्यालयीन)/निजी संस्थान) जेईई मेन-2026 प्रवेश परीक्षा की मेरिट/अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| **जेईई मेन-2026 की मेरिट पर आधारित** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 02.06.2026 से 24.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 25.06.2026 से 26.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 07.06.2026 से 28.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 29.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 03.07.2026 से 07.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाइन प्रस्तुत करना | 03.07.2026 से 07.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| अपग्रेडेशन आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 11.07.2026 से 15.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **नोटः अर्हकारी परीक्षा (हायर सेकेण्डरी) में प्राप्तांको के आधार पर प्रवेश हेतु पंजीयन दिनांक 02 जून 2026 से 18 जुलाई 2026 तक उपलब्ध रहेंगे। शेष प्रक्रिया द्वितीय चरण अनुसार रहेगी** | |
| **द्वितीय चरण (प्रथमतः जेईई मेन-2026 प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 11.07.2026 से 18.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 19.07.2026 से 20.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 16.07.2026 से 22.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 23.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 27.07.2026 से 30.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **आन्तरिक ब्रांच परिवर्तन** | |
| प्रवेशित संस्था के लिये प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन | 31.07.2026 से 01.08.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| ब्रांच परिवर्तन की सूची एवं पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता | 03.08.2026 |
| **संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये) (प्रथमतः जेईई मेन-2026 प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **दिनांक/समय** |
| 04.08.2026 से 06.08.2026 | 07.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 08.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तद्उपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- द्वितीय चरण के आवंटन में जेईई मेन-2026 के आधार पर आवंटन पश्चात, रिक्त स्थानों पर अर्हकारी परीक्षा (हायर सेकेण्डरी) में प्राप्तांको के आधार पर आवंटन जारी किये जायेंगे, अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि, जेईई मेन-2026 परीक्षा में शामिल हुए पात्र उम्मीदवारों को जेईई मेन-2026 के आधार पर काउंसलिंग में शामिल होना ही उचित रहेगा।

  **प्रवेश निरस्त :**
  - काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल:- dte.helpcenter.mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

म.प्र. माध्यम/126070/2026